हिन्दुस्तान
1936
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
मंगलवार
16 दिसंबर 2025, बरेली
PAGE NO :10 MIDDLE

# यूपी और बंगाल की टीम के बीच मुकाबला आज

## एसआरएमएस के मैदान में सुबह 8:15 बजे होगा शुरू

**कूच बिहार ट्रॉफी**

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। बीसीसीआई की घरेलू कूच बिहार ट्रॉफी (अंडर-19) का उत्तर प्रदेश और बंगाल के बीच अंतिम लीग मैच मंगलवार को बरेली में एसआरएमएस के मैदान में खेला जाएगा। मैच का उद्घाटन मंगलवार सुबह 8:15 बजे मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी, डीआईजी अजय कुमार साहनी व डीएम अविनाश सिंह करेंगे। सोमवार को दोनों टीमों ने मैदान पर प्रैक्टिस के दौरान जमकर पसीना बहाया। पिच क्यूरेटर शिव कुमार ने कहा कि पिच अंतरराष्ट्रीय स्तर की है, मैच का परिणाम मौसम पर निर्भर होगा।

इस मैच में उप्र का पलड़ा भारी नजर आ रहा है, इसकी वजह टूर्नामेंट में अब तक उप्र की टीम 19 प्वाइंट्स हासिल कर चुकी है, जबकि अपना अंतिम लीग मैच खेल रही बंगाल की स्थिति अच्छी नहीं है। बंगाल के लिए यह मैच करो या मरो की स्थिति वाला है। उप्र की टीम इस मैच को जीतकर सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंचना चाहेगी। ऐसे में दोनों टीमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए मंगलवार को मैदान में उतरेंगी। यूपी टीम के खिलाड़ियों ने हेड कोच ध्रुव सिंह और बंगाल की टीम ने कोच सौर्याशीष लाहिरी की निगरानी में अभ्यास किया। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के सेक्रेटरी सीताराम सक्सेना और संरक्षक आदित्य मूर्ति के साथ एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सोमवार को मैच की तैयारियों का निरीक्षण किया।



एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड में प्रैक्टिस करते यूपी व बंगाल टीम के खिलाड़ी।

**यूपी की टीम :** भव्य गोयल (कप्तान), आयान अकरम, अनमोल नौशराम, कैफ रहमान, भावी शर्मा, कार्तिकेय सिंह (विकेटकीपर), राहुल, दक्ष चंदेल, के कृष्णा, यश पंवार, रवि सैनी, यशु प्रधान, युवराज, मोहम्मद अर्शमन, शिवांशु सचान।

**बंगाल की टीम :** चंद्रहास दाश (कप्तान), आदित्य राय, अतमजा मंडल, सयन पॉल, आशुतोष कुमार, अगस्त्य शुक्ला, अभिप्राय बिस्वास (विकेट कीपर), सचिन यादव, रोहित, रोहित कुमार दास, शिवम भारती, कुशल गुप्ता, विराट चौहान, राजदीप पासवान।